कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 21.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

श्रीमान राजेन्द्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर के निर्देशानुसार दिनांक 20 .03.2024 को वक्त 07.00 पीएम से 11.00 पीएम तक पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में आर्म्स एक्ट ,एक्साइज एक्ट व काला शीशा लगे वाहनों के विरुद्ध एमवी एक्ट कार्यवाही हेतु अभियान चलाया गया।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्तगणो के नेतृत्व में थानाधिकारियों को अपने–अपने हल्का क्षेत्र में अलग–अलग टीमें बनाकर नाकाबंदी पोईंट चिन्हित कर सघन नाकाबंदी करते हुए आर्म्स एक्ट, एक्साइज एक्ट, काला शीशा लगे वाहनो के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में आर्म्स एक्ट ,एक्साइज एक्ट व काला शीशा एमवी एक्ट अभियान के दौरान लगभग 28 चिन्हित स्थानों पर सघन नाकाबन्दी की गई जिसमें सदिग्ध वाहनों व काला शीशा लगे वाहनों को चौक किए गए जिसमें आर्म्स एक्ट में 2 व एक्साइज एक्ट में 6 तथा एमवी एक्ट में काला शीशा लगे 84 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना करवड़ द्वारा बिना वैध अनुज्ञापत्र के 42 पव्वे देशी शराब, थाना रातानाडा द्वारा 56 छोटी बीयर, थाना बोरानाडा द्वारा 48 पव्वे देशी शराब, थाना कुड़ी भगतासनी द्वारा 61 पव्वे देशी शराब व थाना झंवर ने 84 पव्वे देशी शराब जब्त की गई। अभियान के दौरान कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एक्साइज एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में इसी प्रकार से विशेष अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की जाती रहेगी।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

21-Mar-24

नगर आर्य समाज गुलाब सागर, जोधपुर
PSUM.
26

cityvibes